# सूचना विभाग ने पत्रकारों की सभी मांगों को माना, आंदोलन समाप्त

आंदोलन

## पत्रकारों ने सूचना विभाग को 24 घंटे का दिया था अल्टीमेटम

lokn nkrk

देहरादून। पिछले आठ दिनों से उत्तराखंड पत्रकार संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनरतले आंदोलनरत पत्रकारों की सभी मांगों को सूचना विभाग ने मान लिया है। मांगे माने जाने के साथ ही पत्रकारों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है।

मांगों को लेकर शुक्रवार को वरिष्ठ पत्रकार संजीव पंत ने आमरण अनशन शुरु कर दिया था, मांगें माने जाने के बाद अपर निदेशक सूचना डा. अनिल चंदोला ने श्री पंत को जूस पिलाकर उनका आमरण अनशन समाप्त करवाया।



आमरण अनशन पर बैठे पत्रकार संजीव पंत को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाते अपर निदेशक सूचना डा. अनिल चंदोला।

पिछले आठ दिनों से उत्तराखंड पत्रकार संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनरतले आंदोलनरत पत्रकारों की सभी मांगों को सूचना विभाग ने मान लिया है। मांगें माने जाने के बाद अपर निदेशक सूचना डा. अनिल चंदोला ने श्री पंत को जूस पिलाकर उनका आमरण अनशन समाप्त करवाया। उत्तराखंड सूचना विभाग की मनमानियों के खिलाफ चला आ रहा पत्रकारों का आंदोलन आज सूचना विभाग द्वारा सभी मांगे मान लिए जाने तथा खेद व्यक्त करने के बाद स्थगित हो गया है।

उत्तराखंड पत्रकार संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और वेब मीडिया के पत्रकारों ने कल मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत सहित सूचना विभाग को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था और चेताया था कि यदि पत्रकारों की 11 सूत्रीय मांगे नहीं मानी गई तो 2 अगस्त को 11:00 बजे से पत्रकार आमरण अनशन शुरू कर देंगे।


## Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**




लाभांशु शर्मा को उनकी विश्व शान्ति यात्रा के लिये शुभकामनायें देते सीएम।

## सीएम ने लाभांशु को विश्व शान्ति यात्रा के लिये शुभकामनायें दीं

lokn nkrk देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने ऋषिकेश निवासी लाभांशु शर्मा को उनकी विश्व शान्ति यात्रा के लिये शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में विश्व को शान्ति व सद्भाव के सन्देश की जरूरत बतायी है। उन्होंने श्री शर्मा के इस प्रयास की भी सराहना की है।

## मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना में पर्यटन विभाग के छूट रहे पसीने

lokn nkrk

■ यात्रा के लिए प्रदेश में नहीं मिल रहे बुजुर्ग

देहरादून। दीनदयाल मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना जिसके तहत प्रदेश के बुजुर्गों को प्रदेश में तीर्थाटन करवाया जाना था। इसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी धर्मों के लोगों को प्रदेश में तीर्थाटन करवाना था, लेकिन विभाग को अब प्रदेश में इस योजना को चलाने के लिए बुजुर्ग ही नहीं मिल रहे हैं।

इस योजना की को केदारनाथ आपदा के बाद शुरू किया गया था। 2014 में लॉन्च हुई मेरे बुजुर्ग मेरे तीर्थ योजना का नाम बदल कर दीनदयाल मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना किया गया। शुरुआती दौर में इस योजना का लाभ प्रदेश के बुजुर्गों ने लिया, लेकिन सरकार बदली तो नाम के साथ–साथ इस योजना का हाल भी बदल गया। प्रदेश में इस योजना को चलाने के लिए महकमे को बुजुर्ग ही नहीं मिल रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### विभिन्न न्यायालयों में यातायात लोक अदालत 7 व 8 अगस्त को

lokn nkrk देहरादून। सचिव व सिविल जज (सी0डि0) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून नेहा कुशवाहा ने अवगत कराया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादू द्वारा 07 अगस्त एवं 8 अगस्त को देहरादून, ऋषिकेश, विकासनगर, डोईवाला, चकराता के न्यायालयों में यातायात लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। उक्त लोक अदालत में यातायात चालान के वाद निस्तारित किये जायेंगे।

### उपाध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग 3 अगस्त को उत्तराखंड भ्रमण पर

lokn nkrk देहरादून। निजी सचिव, उपाध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ने अवगत कराया है कि उपाध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग लोकेश कुमार प्रजापति उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखण्ड के दौरे पर है। उनका जनपद देहरादून में 03 अगस्त 2019 को भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस दौरान 12:30 बजे भरत विहार ऋषिकेश में कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे तथा 1:30 बजे अपरान्ह में भरत विहार ऋषिकेश से गंगा नगर मेरठ के लिए प्रस्थान करेंगे।

### दून कांजी हाउस में गोवंश की मौतों की खबर से नगर निगम के होश फाख्ता

lokn nkrk देहरादून। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक खबर ने देहरादून नगर निगम के होश फाख्ता कर दिए। दरअसल सोशल मीडिया में खबर आई कि देहरादून के कांजी हाउस में एक महीने में 102 गायों की मौत हो गई है। देहरादून के मेयर सुनील उनियाल गामा ने इस मामले की जांच के भी आदेश दे दिए हैं।

## हुवावे ने लॉन्च किया नया वाई 9 प्राइम

oknnkrk हल्द्वानी। हुवावे कंज्यूबमर बिजनेस ग्रुप इंडिया ने आज अपने बहुप्रतीक्षित स्मार्टफोन हुवावे वाई9 प्राइम 2019 को लॉन्च करने की घोषणा की। इस नए स्मार्टफोन को हेज पॉप–अपकिंगकम्स के रूप में प्रचारित किया गया है और बेजोड़ वाइड एंगल विजुअल अनुभव के लिए यह बिना नॉच के साथ 6.59 इंच फुल व्यू विविड डिस्प्ले से सुसज्जित है।

पॉप–अप कैमरा स्मार्टफोन सेगमेंट में आक्रामक कीमत के साथ पेश किया गया यह हुवावे के पहला ऑटो पॉप–अप फ्रंट कैमरा फोन है, जिसमें जब आप सेल्फी लेते हैं तो एक सेकेंड के भीतर इसका कैमरा ऑटोमैटिकली बाहर आता है और इमेज क्लिक करने के बाद अंदर चला जाता है। 16 मेगापिक्सल का एआई फ्रंट कैमरा निर्बाध कार्रवाई के लिए हमेशा उपलब्ध है।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर एडीएम ने ली विभागों की समन्वय बैठक

lokn nkrk

देहरादून। अपर जिलाधिकारी बीर सिंह बुदियाल की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाये जाने के सम्बन्ध में जनपद के विभिन्न विभागों की समन्वय बैठक आयोजित की गयी।



स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर एडीएम विभागों की बैठक लेते हुए।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वर्ष की भांति इसबार भी जनपद में स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्कूलों में निबन्ध लेखन, चित्रकला व वाद–विवाद प्रतियोगिता के आयोजन के साथ ही तहसील स्तर, ब्लाक स्तर से लेकर नगर निगम, नगर पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर तक जल संरक्षण, देशभक्ति से प्रेरित गीतों को बजाने के साथ ही व्यापक साफ–सफाई अभियान और एक दिन पर्व 14 अगस्त 2019 को नगर निगम में कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।